
# Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# बुंगली में अध्ययनरत नौनिहाल जर्जर हो चुके भवन में पढ़ने को मजबूर

**जिम्मेदार कौन** प्राथमिक विद्यालयों को सुधारने की ओर अब तक कोई खास पहल नही

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। सीमांत जनपद पिथौरागढ़ के गंगोलीहाट ब्लाक का प्राथमिक विधालय वर्तमान में पूरी तरह जर्जर स्थिति में आ चुका है। हालात यह है कि इस भवन की छत में लगा सरिया अब पूरी तरह से दिखने लगा है। दूसरी ओर विघालय की छत वर्तमान में बारिश के दौरान जगह–जगह से टपक रही है। विद्यालय का फर्श पूरी तरह से बदहाल स्थिति में आ चुका है। ऐसे में नौनिहालों की जिन्दगी से खिलवाड़ होने के आसार ज्यादा नजर आ रहे है। दूरस्थ इलाकों में बने प्राथमिक विधालयों को सुधारने की ओर अब तक कोई खास पहल नही हो पायी है। ऐसे में में अपने–अपने नौनिहालों के भविष्य को लेकर उनके अभिभावक खासे आक्रोशित है।

जानकारी के मुताबिक बुंगली




प्राथमिक विद्यालय में वर्तमान में सैतालीस नौनिहाल अध्यनरत्त है। ऐसे में प्राथमिक विद्यालय का पूरा भवन पूरी तरह से जर्जर व बदहाल स्थिति में आ चुका है। दूसरी ओर इस विधालय में नौनिहालों को अध्यापन करा रहे शिक्षक भी मजबूरी में पढाने में लगे हुए है। वही इसके लिए नौनिहालों के अभिभावक व शिक्षक भी कई बार विधालय को सुधारे जाने के लिए मांग कर चुके है। मगर आजतक उनकी समस्या का हल नही निकल सका है। कभी भी विधालय की छत गिरने का खतरा मंडरा रहा है। धूप के समय शिक्षक इन नौनिहालों को विद्यालय के बाहर पढ़ा रहे है।

बारिश के दौरान टपकती छत में पढ़ाने को मजबूर है। कई बार इलाके के सामाजिक संगठन इस मामले पर जन प्रतिनिधियों को अवगत करा चुके है। मगर आजतक इस समस्या का समाधान नही हो पाया है। ऐसे में नौनिहालों के जान के साथ खिलवाड़ कब तक चलता रहेगा यह सोचने वाला विषय है।

मामले पर सीईओ पिथौरागढ़ एके जुकरिया द्वारा शासन प्रशासन को अवगत कराने की जानकारी मीडिया को दी जा रही है। दूसरी ओर क्षतिग्रस्त विधालय को सुधारने के लिए जब तक धन की व्यवस्था नही हो जाती तब तक कुछ भी कहना मुश्किल लग रहा है।

## न्यूज डायरी

### बढ़ती महंगाई के विरोध में उतरे कांग्रेसी, भाजपा सरकार का पुतला फूंका

**संवाददाता** नैनीताल। सरकार द्वारा रसोई गैस के दामों में 25 रुपयों की बढ़ोतरी करने पर कांग्रेस कार्यकर्ता विरोध में उतर आए है। दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं ने मल्लीताल रिक्शा स्टैंड के समीप सरकार का पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की। उन्होंने मांग की कि सरकार रसोई गैस के बढ़े हुए दामों के साथ ही पेट्रोल डीजल और खाद्य तेलों के दामों को वापस ले। गुरुवार को नगर अध्यक्ष अनुपम कबडवाल के नेतृत्व में तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता मल्लीताल रिक्शा स्टैंड के समीप एकत्रित हुए। महिला कार्यकर्ताओं ने सिलेंडर सिर पर उठा कर रसोई गैस के बढ़े हुए दामों का विरोध जताया। पूर्व विधायक सरिता आर्या ने कहां की भाजपा सरकार में महक महंगाई और बेरोजगारी ही बढ़ी है।

### अल्मोड़ा–हल्द्वानी हाईवे पर गिरा पहाड़ी से पत्थर, एक की मौत

**संवाददाता** गरमपानी। नैनीताल जिले में एक बार फिर पहाड़ से पत्थर आफत बनकर बरसे हैं। अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे पर जर्जर हो चुकी पहाड़ियां काल बनकर बरस रही हैं। गुरुवार को पहाड़ी से गिरे पत्थर की चपेट में आने से बाइक सवार खाई में जा गिरे। मौके पर ही एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस व सेना के जवानों ने रेस्क्यू कर दोनों को खाई से बाहर निकाला। घायल को आपातकालीन 108 सेवा से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। गुरुवार को मंगल पड़ाव हल्द्वानी निवासी सौरभ सागर और उसका दोस्त पंकज गोस्वामी बाइक यूके 04 एबी 3425 में सवार हो अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में फ्लेक्सी लगाने के लिए हल्द्वानी से रवाना हुए थे।

### अदानी डिजिटल ने डीआईटी विश्वविद्यालय के परास्नातक के 2 छात्रों को नियुक्त किया

**संवाददाता** देहरादून। स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड डिजाइन, डीआईटी यूनिवर्सिटी ने 2019 में IMAGINXP के साथ एम.डिजाइन प्रोग्राम लॉन्च किया। इस साल प्लेसमेंट ड्राइव में प्रतिष्ठित फर्मों द्वारा प्रोग्राम के छह छात्रों को काम पर रखा गया है। जबकि दो छात्रों को अदानी डिजिटल ने 8 लाख प्रति वर्ष और चार छात्रों को अन्य प्रतिष्ठित फर्मों द्वारा काम पर रखा है। विभिन्न धाराओं के छात्र डीआईटी विश्वविद्यालय में एम. डी.एस कार्यक्रम में दाखिला लेते हैं। वे उत्पाद प्रबंधन, डिजाइन रणनीति, इंटरैक्शन डिजाइन और सामाजिक उद्यमिता में करियर की मजबूत नींव के लिए कौशल के साथ सशक्त हैं। इमेजिनएक्सपी के सहयोग से यह कार्यक्रम पूरी तरह से व्यावहारिक–आधारित प्रशिक्षण, यूएक्स डिजाइन टूल और तकनीकों पर केंद्रित है।

## कई वार्डो में गुलदार की बढ़ रही सक्रियता से आमजन परेशान

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिले के वार्डो में एक बार फिर से गुलदार की सक्रियता बढ़ने लगी है। वही गुलदार की बढ़ रही संक्रियता को लेकर जिले के वार्डो के लोग खासे परेशान है। बता दें कि जिले में आये दिन गुलदार की चहल कदमी को लेकर जिले के वार्डो के लोग खासे दहशत के साये में जीने को मजबूर है।

जिले के वार्डो में पिछले पांच रोज से गुलदार जोड़े के साथ वार्डो में दोपहर व रात को घुमते नजर आ रहा है। बता दें कि अब तक जिले के बजेटी वार्ड से दो कुतों को ये गुलदार मार चुका है। देवयोग से अब तक किसी मानव पर गुलदार का हमला नही हो सका है।

जिले के बजेटी वार्ड, चंडाक जेल परिसर व हुडेती वरदानी माता परिसर, गैस गोदाम महादेव धारे व पपदेव दौला वार्ड में इन दिनों गुलदार की खासी सक्रियता बढ़ रही है। जिले के वार्डो के लोग वन विभाग से गुलदार को पकड़ने की मांग कर चुके है।

वन महकमें द्वारा केवल लोगों को सचेत कर अपना फर्ज अदायिकी करने में तुला हुआ है। ऐसे में जिले के वार्डो के लोग वन महकमें की कार्य प्रणाली को लेकर सवाल उठा रहे है। दूसरी ओर जिले के स्थानीय वार्ड में दो दिन पूर्व कुते को दबोचे गुलदार की सीसीटीवी फुटेज के देख लोग खासे भय में रहे। जिले के वार्डो के ग्रमीणों ने पालिका के अध्यक्ष से मुलाकात कर जिले के वार्डो में स्ट्रीट लाइटें यथा शीघ्र ठीक कराये जाने की मांग की है।



## पानी कि समस्या से जूझ रहे है लोग

**संवाददाता** पुरोला। पुरोला नगर पंचायत के कुमोला रोड पर निवासरत लोगो को महीनों से पानी की समस्या से जूझना पड रहा हैं। पेयजल किल्लत से, आक्रोशित लोगों ने उपजिलाधिकारी पुरोला सोहन सिंह सैनी को ज्ञापन देकर पेयजल समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन मे आरोप लगाया गया कि कुमोला रोड में विगत कई महीनों से पेयजल की किल्लत चल रही है घरो मे मुश्किल से 10 मिनट भी पानी नही आता है जिससे लोगो को भारी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। जलसंस्थान के अधिकारियों को इस बाबत कई बार अवगत कराया जा चुका है बावजूद जल संस्थान ने स्थानीय लोगों की पीड़ा समझ नही आ रही है। उपजिलाधिकारी सोहन सिह सैनी ने अधिशासी अभियंता अमित कुमार को फोन कर कुमोला रोड में पानी की किल्लत का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए।

# जागेश्वर धाम में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने किया हवन व रुद्राभिषेक

**संवाददाता** जागेश्वरधाम (अल्मोड़ा)। दिव्य जागेश्वरधाम की महिमा के अभिभूत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को आस्था खींच लाई। बीते वर्ष वर्चुअल माध्यम से यज्ञ कराने के बाद अध्यात्म की अनुभूति तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार वह स्वजनों के साथ हवन कराने पहुंचे। महामृत्युंजय मंदिर में रुद्राभिषेक व धार्मिक अनुष्ठान कराए। इस दौरान वह सियासी चकाचौंध के इतर अध्यात्म में रमे नजर आए। चेहरे की चमक आत्मिक शांति का अहसास करा रही थी। विशुद्ध धार्मिक दौरे के मद्देनजर उन्होंने मौजूदा राजनीति व अन्य मुद्दों पर बात करने से परहेज



भी रखा।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने बीते वर्ष सावन में वर्चुअल यज्ञ कराया था। हवन के लिए वह गुरुवार को सपत्निक बाबा जागनाथ की नगरी में पहुंचे। भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने उत्तराखंडी लोक संस्कृति व परंपरा से जुड़े पिछौड़ा धारण कर पारंपरिक अंदाज में उनका तिलक कर स्वागत किया गया। बाद में महामृत्युंजय मंदिर के पुजारी पं. लक्ष्मीदत्त भट्ट ने रुद्राभिषेक एवं हवन कराया। देवाधिदेव का विशेष पूजन व अनुष्ठान कराने के बाद नड्डा करीब तीन किमी दूर आरतोला पहुंचे। जहां अल्प विश्राम कर देहरादून रवाना हो गए।

**मुख्य पुजारी ने भेंट की रुद्राक्ष की मालाएंः** जागेश्वर मंदिर समूह के मुख्य पुजारी पंडित हेमंत भट्ट श्कैलाशश ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा व उनके स्वजनों को रुद्राक्ष की मालाएं भेंट की। मुख्य पुजारी पं. हेमंत के साथ ही पं. गोपालदत्त भट्ट ने मंदिर की धार्मिक मान्यता, आध्यात्मिक शक्ति एवं ऐतिहासिक महत्ता बताई। मंदिर प्रबंधन समिति प्रबंधक भगववान भट्ट, उपाध्यक्ष गोविंद गोपाल व पुरोहितों ने भी नड्डा का अभिनंदन किया।

## उत्तराखंड बोर्ड के रिजल्ट से सभी छात्र संतुष्ट!

**संवाददाता** रामनगर। उत्तराखंड बोर्ड का रिजल्ट घोषित होने पर छात्र अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हैं। यही वजह है कि अभी तक किसी भी छात्र द्वारा दोबारा परीक्षा कराए जाने की कोई सूचना उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद को नहीं मिली है। ऐसे में परिषद को दोबारा परीक्षा कराने की जद्दोजहद नहीं उठानी पड़ेगी। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद ने 31 जुलाई को 10 वीं व 12 वीं का रिजल्ट घोषित किया था। छात्रों को कक्षा नौ में मिले अंकों के 75 प्रतिशत व हाईस्कूल के आंतरिक परीक्षा में मिले अंकों के 25 प्रतिशत नंबर के आधार पर हाईस्कूल का रिजल्ट तैयार हुआ था। इसी तरह इंटर के रिजल्ट बनाने के लिए छात्रों को हाईस्कूल में मिले नंबरों के 50, 11 वीं में मिले नंबरों के 40 व 12 वीं में आंतरिक परीक्षा में मिले नंबरों के दस प्रतिशत नंबर लिए गए थे। सीबीएसई की तर्ज पर उत्तराखंड बोर्ड ने भी नंबरों से संतुष्ट नहीं होने वाले 10 व 12 के छात्रों को दोबारा परीक्षा देने का मौका दिया था।